रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3959] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अक्तूबर 4, 2018/ आश्विन 12, 1940
No. 3959] NEW DELHI, THURSDAY, OCTOBER 4, 2018/ASVINA 12, 1940

IndiaCode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर, 2018

का.आ. 5138(अ).— भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 262(अ), तारीख 16 जनवरी, 2018 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण में प्रारुप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर, आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त राजपत्र, की प्रतियां जनता को तारीख 16 जनवरी, 2018 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से आक्षेपों और सुझावों प्राप्त नहीं हुए हैं;

जंगली गधा अभयारण्य 4953.712 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और यह गुजरात राज्य के कच्छ, मोरबी, सुरेंद्रनगर, पाटन जिला के कुछ भागों में स्थित है।

और, यह अभयारण्य वनस्पति और जीवजन्तु के समृद्ध जैविक महत्व का प्रतिनिधित्व करता है; जंगली गधा अभयारण्य में भारतीय जंगली गधा / गूरखार (*इक्सुस हेमियोनस खूर*), काला हिरण/करियर (*एंटिलोप सर्विकारपा*), चिंकारा (*गज़ेला बेंनेटी*), धारीदार लकड़बग्घा (*हैना हैना*), भेड़िया (*कैनिस ल्यूपस*), डेजर्ट लोमड़ी (*वुलपस वल्प्स पुसेला*), सियार (*कैनिस ऑरियस*) , भारतीय संगमरमर कीड़ा (*दत्ताफ्रीनस*), *स्टेमैटिकस*), कच्छी प्रॉन / झींगा (*मेटापीनियस कत्चेनसिस*) आदि का वास है। जंगली गधा अभयारण्य में पक्षी जैसे मक्केन बस्टर्ड (*चाल्मीडोटिस मककेनिया*), व्हाइट रंप गिद्ध (*गिप्स बेंगलेंसिस*), रेगिस्तान कर्सर कैस्पियन टर्न (*हाइड्रोपोर्ने कस्पीया*), सारस क्रेन (*ग्रस एंटीगोन*), कॉमन क्रेन (*ग्रुस ग्रुस*), डेमोइसेल क्रेन (*ग्रस विरगो*), ऑस्प्रे (*पांडियन हेलिएटस*), ग्रेटर फ्लेमिंगो (*फोलिकोप्पटस रोजेज*), लेसरसेम फ्लेमिंगो (*फ़िलेकॉप्टरस माइनोर*) आदि हैं। जंगली गधा अभयारण्य में तितली, कीड़े-मकोड़े, सरीसृप की महत्त्वपूर्ण प्रजातियां जैसे विल स्पाइन टेल्ड लिजार्ड (*ऊरमास्टिक्स हार्डविकी*), डेजर्ट मॉनिटर (*वेरनस ग्रिसियस*), भारतीय फ्लैंसल कछुए (*लिस्सेमीस पिक्चटाटा*), रॉक अगामा (*अगमा एसपीपी*), फैन-थ्रोएटेड छिपकली (*सीताना पोंटीसीरियाना*), स्का स्केलेड वाइपर (*इचीस कार्नेटस*) आदि हैं। अभयारण्य में वनस्पति प्रजातियां मोराद (*सुएडा फ्रुटिकोसा*), उद-मोराद (*सुदा नडाइफ्लोरा*), लाना (*सुआदा मारीतिमा*),

डोलरी (*एल्यूरोपस लैगोओपॉइड*), तल बावल (*अकाकिया फार्नेसियाना*), थेग (*साइपरस बल्बोसस*), जेन्जो (*दिंघंथियम अन्युलेटटम*), बेथु लापु (*अरिस्तदा एसपीपी*), गोरद (*अकाकिया सेनेगल*), देसी बावला (*अकाकिया नीलोटिका*), पिलु (*सल्वादोरो प्रिसा, एस. ऑलियॉइड*), लिंबडो (*अज़ाडिराचल इंडिका*), केर्डो (*कपेरिस डेसिडुआस*), गुंडी (*कॉर्डिया घरफ*) आदि हैं।

और, अभयारण्य में महत्त्वपूर्ण लुप्तप्राय वनस्पति और जीवजन्तु डोलरी (*एल्यूरोपस लैगोपोइड*), मोराद (*सुएडा फ्रुटिकोसा*), परसी (तामरीक्स ट्रूपी), भारतीय जंगली गधे (*इक्वास हेमियनस खूर*), सारस क्रेन (*ग्रस एंटीगोन*) और संकटापन्न प्रजातियां विल लिक्सर फ्लेमिंगो (*फोलिस्केप्टरस माइनर*) और भेड़िया (*कैनिस ल्यूपस*) हैं। जंगली गधा अभयारण्य की स्थानिक प्रजातियां उद मोराद (*सुआदा नडाइफ्लोरा*), बेथि मोराद (*सुएडा फ्रुटिकोसा*), डोलरी (*अल्युरोपस लैगोपेइड*), परसी (*तामरीक्स ट्रूपी*), भारतीय जंगली गधा (*इक्स हेमियोनस ख़ुर*), कच्छी प्रॉन (*मेटैपीनाईस कुत्चेनसिस*) हैं।

और, अभयारण्य लुप्तप्राय भारतीय जंगली गधा (*इक्यूस हेमियनस खूर*) का अंतिम आश्रय है, जो एशियाई जंगली गधे (इक्यूस हेमियोनस) की उप-प्रजाति है। एक बार इसे भारत के उत्तर-पश्चिम और पश्चिम पाकिस्तान में अच्छी तरह वितरित किया गया था। यह उत्तर में राजस्थान के जैसलमेर और बीकानेर और पाकिस्तान में सिंध और बलूचिस्तान तक विद्यमान था। अब, समन प्रजाति स्थानीय रूप से पहले के निवास स्थान से विलुप्त हो चुकी है और जंगली गधा अभयारण्य उनका अंतिम वास बन गया है और सरकार द्वारा किए गए संरक्षण प्रयासों के कारण उनकी संख्या में वृद्धि हो रही है। भारतीय जंगली गधा लिटिल रन आफ कच्छ का प्रतिनिधित्व करता है और परिदृश्य की बाकी प्रजातियों को संरक्षण देने वाली प्रमुख प्रजातियों के रूप में कार्य करता है। अभयारण्य के बड़े मांसाहारी, लकड़बग्घा और भारतीय ग्रे भेड़िया हैं। कम महत्वपूर्ण मांसाहारी प्रजातियों में मरुभूमि लोमड़ी, भारतीय लोमड़ी और मरुभूमि बिल्ली हैं जो बढ़ती मानवीय क्रियाकलापों से निरंतर खतरे में है। भारतीय जंगली गधा का अंतिम वास भी एक प्रस्तावित विश्व धरोहर स्थल है और कच्छ जीवमंडल रिजर्व के अंतर्गत आता है। अतः इस क्षेत्र के अन्य सभी संकटापन्न वन्यजीवों और अद्वितीय और गतिशील परिदृश्य की सुरक्षा के लिए भारतीय जंगली गधे को संरक्षित करने की तुरंत आवश्यकता है।

और, जंगली गधा अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण और पारिस्थितिकी की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों और उद्योगों के वर्गों और उनके प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की उपधारा (1) तथा धारा 3 की उपधारा (2) एवं उपधारा (3) के खंड (v) और खंड (xiv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गुजरात राज्य में जंगली गधा अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 0 से 1.2 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को जंगली गधा अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात्:--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं:—**

(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन श्रेणी का विस्तार शून्य से 1.2 किलोमीटर के अंतर्गत गुजरात के कच्छ, मोरबी, सुरेन्द्रनगर और पाटन जिलों के भागों में अभयारण्य की सीमा से क्षेत्र 638.83 वर्ग किलोमीटर तक फैला हुआ है।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध I** के रूप में संलग्न है ।

(3) अवस्थान, भूमि उपयोग और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन और जंगली गधा अभयारण्य का मानचित्र **उपाबंध-II क, उपाबंध-II ख और उपाबंध-II ग** के रूप में संलग्न है ।

(4) इस अधिसूचना में दर्शाए गए पारिस्थितिकी संवेदी जोन और संरक्षित क्षेत्र की सीमाओं के मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांक **उपाबंध III** के रूप में संलग्न है।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध IV** में दी गयी है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना:–

(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और राजपत्र में इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करके आंचलिक महायोजना तैयार करेगी राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी ।

(2) जंगली गधा अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना, राज्य सरकार द्वारा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप में ऐसी रीति में और सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप भी और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देश, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी बातों को समाकलित करने के लिए राज्य के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज; और

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में और आंचलिक महायोजना में सभी अवसंरचना और अधिक प्रभावी और पारिस्थितिकी अनुकूल क्रियाकलाप कारक इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं और पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यांकन करेगी और इस योजना के मानचित्र के साथ विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं का विवरण संलग्न होगा ।

(7) आंचलिक महायोजना स्थानीय समुदायों की जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करने के लिए, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिकी अनुकूल विकास के लिए पैरा 4 की सारणी में सूचीबद्ध विनियमित करेगी और अधिसूचना में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध, विनियम और संवर्धित क्रियाकलापों का अनुसरण करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना के साथ सह-विस्तारी होगी ।

(9) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी जिससे पारिस्थितिकी अनुकूल विकास स्थानीय समुदायों की जीवकोपार्जन सुरक्षा के लिए सुनिश्चित किया जा सकेगा ।

IndiaCode

(10) आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों के अनुसार में अपने कृत्यों का पालन करने के लिए मानीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज इस प्रकार अनुमोदित करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय:—** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:—

(1) **भू-उपयोग**: –

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

(ख) परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे कि:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग,

(iv) कुटीर, उद्योग जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाओं जो पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक हैं जिसमें ग्रह वास सम्मिलित है;और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप और पैरा 4 के अधीन दिया गया है:

(ग) परंतु यह और भी कि क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और अन्य नियमों और विनियमों के अंतर्गत राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

(घ) परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त गलती के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी।

(ड.) परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

(च) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण के और पर्यावास और जैव- विविधता की बहाली के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत:—** आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुजीवन के लिए योजना सम्मिलित होगी राज्य सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में या उनके निकट विकास क्रियाकलापों जो ऐसे क्षेत्रों के लिए हानिकारक है, को प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार करेगा।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिकी पर्यटन: —**

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए पर्यटन महायोजना के अनुसार होगा ।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, द्वारा राज्य के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का एक घटक होगी ।

IndiaCode

(घ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) जंगली गधा अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट का नया सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। परंतु, जंगली गधा अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और सैरगाहों का स्थापन केवल पूर्व परिभाषित और परिनिश्चित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा और राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया होगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र में किसी नए होटल/सैरगाह या वाणिज्यिक स्थापन के संनिर्माण को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(4) **नैसर्गिक विरासत:**—पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा और उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगा ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल:**—पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी जो आंचलिक महायोजना का भाग होगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण:**—पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण:**—पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण:**—पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों के अन्तर्गत आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण तत्वों के निस्सारण के लिए सामान्य मानकों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट:—** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों (ईएसएम) का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट:**— जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा: —

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन:**—पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन:**—पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट:**—पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन**:—परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटरी करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:**—वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा। स्वच्छ ईंधन के उपयोग के लिए किए गए प्रयास उदाहरण के लिए सीएनजी, आदि हैं ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां: —**

(i) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन के बाद या प्रकाशन में, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किसी भी नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में केवल गैर-प्रदूषित उद्योगों की स्थापना के वर्गीकरण की अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषित कुटीर उद्योगों को बढ़ावा किया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण:** — पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची:—पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और उसके तहत बनाए गए नियमों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) संशोधनों सहित द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् : —

IndiaCode

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	विवरण
(1)	(2)	(3)
क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप		
1.	वाणिज्यिक खनन।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां स्थानीय निवासियों की वास्तविक घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय तत्काल प्रभाव से निषिद्ध की जाती है; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में किया जायेगा ।
2.	प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए उद्योगों और विद्यमान प्रदूषणकारी उद्योगों को या उनके विस्तार को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। (ख) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों में वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जब तक कि इस अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न किया जाए, केवल नए गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
ख. विनियमित क्रियाकलाप		
8.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी लघु अस्थायी संरचनाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और विश्राम स्थलों को अनुज्ञात किया जाएगा अन्यथा नहीं । परंतु, पारिस्थितिकी संवेदी जोन आगे या उसके विस्तार तक, जो भी निकट हो के संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर से सभी नए पर्यटक क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
9.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी:

		परंतु स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी :- (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण करना; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण करना; (iii) फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी लघु उद्योगों की स्थापना; (iv) ग्रामीण उद्योगों सहित कुटीर उद्योगों, सुविधा भण्डारों और ग्रह-वास सहित पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक स्थानीय सुविधाओं की व्यवस्था; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध बढ़ावा दिए गए क्रियाकलाप । (ख) परन्तु गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ग) एक किलोमीटर क्षेत्र से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
10.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योग, जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाते हैं, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
11.	फर्मों, कारपोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
12.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
13.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों (एनटीएफपी) का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
14.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने और तार-बिछाने और अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
15.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा।	इसकी व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौंजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण।	लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ किया जाएगा।
17.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।

	आदि को उडाना आदि।	
18.	पर्वतीय ढ़लानों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा।
20.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होगा ।
21.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
22.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक प्रयोग एवं निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
23.	कृषि या अन्य उपयोग के लिए खुले कुएं/ बोर कुएं आदि का निर्माण ।	समुचित प्राधिकारी द्वारा विनियमित किया जाएगा और क्रियाकलाप की सख्त मानीटरी की जाएगी।
24.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन/ जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
25.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
26.	पारिस्थितिकी पर्यटन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
27.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
28.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
29.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
30.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	अवक्रमित भूमि/वनों या वास-स्थलों की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. मानीटरी समिति—केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पारिस्थितिकी संवेदी जोन की प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति गठित करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:—

1.	मोरबी, सुरेंद्रनगर, पाटन और कच्छ के कलेक्टर	–अध्यक्ष;
2.	पर्यावरण, जिसके अंतर्गत (विरासत संरक्षण भी है), के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों का राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि	–सदस्य;

3.	क्षेत्रीय अधिकारी, गुजरात राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	–सदस्य;
4.	वन और पर्यावरण विभाग, गुजरात सरकार का एक प्रतिनिधि	–सदस्य;
5.	भारत सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ	–सदस्य;
6.	जैव विविधता विशेषज्ञ	–सदस्य;
7.	जंगली गधा अभयारण्य, वन के उप संरक्षक	–सदस्य सचिव।

6. विचारार्थ विषय : —

(i) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और इसके बाद मानीटरी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(ii) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(iii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(iv) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(v) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संबंधित उद्यान उप वन संरक्षक ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(vi) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(vii) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपने क्रियाकलापों की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट उपाबंध V में संलग्न प्रोफार्मा में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी।

(viii) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे।

8. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे।

[फा. सं. 25/45/2017-ई एस जेड]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध- I

जंगली गधा अभयारण्य, गुजरात के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

अनूसुची 'क '

सीमा विवरण

जंगली गधा अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा रेखा पश्चिम जीआरके की सीमा, पूर्व कलाना ग्राम की सीमा, उत्तर बोरु ग्राम की सीमा में ज़ज़म ग्राम में निर्देशांक उ23° 57' 28.196" पू71° 18' 21.684" के बिंदु के साथ आरंभ होती है और दक्षिण सीमा से यह वरानासरी ग्राम से होते हुए उ23° 55' 29.409" पू71° 19' 16.578" जुड़ती है इसके बाद दक्षिण जीआरके की सीमा, पश्चिम संतलपुर ग्राम की सीमा, पूर्व चनासारा ग्राम की सीमा, पर ग्राम की सीमा में पाटन जिला में संतलपुरा तालुका के राजुसरा ग्राम में जीपीएस निर्देशांक उ23° 45' 22.948" पू71° 15' 17.438" से आरंभ होती है। इसके बाद जंगली गधा अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा रेखा संतलपुर जिला के अंतरनेश ग्राम से आरंभ होती है इसके बाद रेखा राधनपुर तालुका के बिसमिल्लागंज ग्राम से होते हुए जाती है और गदसई ग्राम की दक्षिण पूर्व सीमा तक जाती है, इसके बाद रेखा अभयारण्य क्षेत्र के उत्तर पश्चिम गदसई ग्राम की सीमा, समी तालुका के पूर्व वहेदपुरा, वैद, बदरगंज की सीमा, दक्षिण की सीमा और पश्चिम अमरपुरा ग्राम की सीमा के अमरपुरा ग्राम के संतलपुरा तालुका के जीपीएस निर्देशांक उ23° 39' 5.411" पू71° 26' 25.630" से आरंभ होती है। इसके बाद जंगली गधा अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा रेखा पाटन जिला के समी तालुका के कोद्धा ग्राम से आरंभ होकर और इसके बाद रेखा संखेश्वर तालुका के जीपीएस निर्देशांक उ23° 29' पू51.313" 71° 37' 8.139" के कोद्धा कस्टम रेखा, सुबापुरा, तारानगर, सुरेल ग्राम से होते हुए जाती है यह धामा, भागलगम, विसावदी ग्राम की सीमा नागावादा ग्राम के जीपीएस निर्देशांक उ23° 21' 57.767" पू71° 42' 34.456" के फतेपुरा, वच्छाराजपुरा, ज़िजनुवदा ग्राम से मुड़ती है इसके बाद दसदा तालुका के जैनाबाद, चिकासर, पटदी ग्राम की दक्षिण पूर्व मिथागोदा, ओदु, खरगोदा ग्राम की सीमा की ओर मुड़ती है। इसके बाद जंगली गधा अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा धंगधरा तालुका के सुल्तानपुर ग्राम के देहगम ग्राम की एलआरके सीमा के दक्षिण पूर्व कोण से आरंभ होती है रेखा भरदा, ववदी, जसमतपुर ग्राम की ग्राम सीमा निमकनगर, नराली के जीपीएस निर्देशांक उ23° 4' 28.871" पू 71° 28' 15.565" के थाला, मलावन, जेसदा ग्राम से होते हुए जाती है इसके बाद सीमा ईसानापुर, इनगोराला ग्राम की सीमा से होते हुए उ 23° 4' 37.271" पू 71° 13' 11.013" मलिनियाद ग्राम में दक्षिण बिंदु के जंगली गधा अभयारण्य से होते हुए रनमल पुर, घनाद ग्राम की सीमा कोपरानी, एंजर ग्राम से मुड़ती है इसके बाद रेखा मायापुर, मियानी, चढ़ाधरा, मयूरनगर, नानागंतिला और गंतिला ग्राम की सीमा किदी, अजीत गढ़ ग्राम से होते हुए जाती है इसके बाद रेखा दक्षिण पश्चिम भाग के गंतिला और कुम्भईया ग्राम की सीमा मंदरकी ग्राम से आरंभ होती है इसके बाद रेखा खखरेची, वरदुसर, खीरायंद, मलिया ग्राम की सीमा के जीपीएस निर्देशांक उ23° 6' 14.932" पू70° 47' 59.517" की वनेसर, चिकाली और कजरादा ग्राम से होते हुए जाती है। इसके बाद जंगली गधा अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के एलआरके की सीमा जीपीएस निर्देशांक उ23° 33' 15.672" पू71° 5' 42.751" के नंद ग्राम से आरंभ होती है।

अनूसुची 'ख'

उत्तर: - ज़ाज़म, रजुसार और अंतरनेस।

पश्चिम: - नंद।

दक्षिण: - कजरदा, चिखली, वेनासर, कुम्भरिया, तिकर, मनगढ़, अजीतगढ़, खोद, जोगद, किदी, मलनियाद, एंजर, कोपरनी, कुदा, निराली, जेसदा, मलवान, थाला और सुल्तानपुर।

पूर्व:- गदसाई, अमरपुर, कोद्धा, सुबापुरा, तारानगर, विसनगर, सुरेल, फतेपुर, वच्छराजापुरा, ज़िंज़ुवाडा, नगवाडा, मिथागोदा, चिकासर, ओदु और खरगोदा।

कच्छ जिला क्षेत्र का विवरण पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के रूप में घोषित किया जाना							
क्र. सं.	**ग्राम के नाम**	**तालुका और जिला**	**कुल सर्वे सं.**	**ग्राम के कुल भौगोलिक क्षेत्र**	**अभयारण्य के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र**	**क्षेत्र को पारिस्थिति की संवेदी जोन क्षेत्र (हेक्टेयर) घोषित किया गया**	**सीमाएं:**
1	2	3	4	5	6	7	8
1	नंद	रापर कच्छ	283	2650.96	1920.97	729.99	पूर्व:: नंद बेट की सीमा
							पश्चिम: एलआरके की सीमा
							उत्तर: एलआरके की सीमा
							दक्षिण: एलआरके की सीमा
	कुल			**2650.96**	**1920.97**	**729.99**	
मोरबी जिला क्षेत्र का विवरण पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के रूप में घोषित किया जाना							
2	**चिखली**	मलिया (एम) मोरबी	303	**3520.90**	**2817.96**	**702.94**	पूर्व: चिखली ग्राम की सीमा
							पश्चिम: मलिया ग्राम की सीमा
							उत्तर: एलआरके की सीमा
							दक्षिण: चिरई ग्राम की सीमा
3	**कजारदा**	मलिया (एम) मोरबी	367	**1117.10**	**412.89**	**704.21**	पूर्व: चिखली ग्राम की सीमा
							पश्चिम: मलिया ग्राम की सीमा
							उत्तर: चिखली ग्राम की सीमा
							दक्षिण: चिरई ग्राम की सीमा
							पश्चिम: मंदारकी और वेजलपार ग्राम की सीमा
							उत्तर: एलआरके की सीमा
							दक्षिण: घुदकोक और वेजलपार की सीमा
4	**मंदरकी**	मलिया (एम) मोरबी	239	**1487.10**	**1042.87**	**444.23**	पूर्व: जूना घटिला ग्राम की सीमा
							पश्चिम: वेनासर ग्राम की सीमा
							उत्तर: एल आर के की सीमा
							दक्षिण: जूना घटिला ग्राम की सीमा
5	**वेलासर**	मलिया (एम) मोरबी	365	**2579.50**	**1546.07**	**1033.43**	पूर्व: मनारकी ग्राम की सीमा
							पश्चिम: चिखली ग्राम की सीमा
							उत्तर: एलआरके की सीमा
							दक्षिण: खखरेची ग्राम की सीमा
6	**नवा घटिला**	हलवाद मोरबी	430	**935.94**	**29.95**	**905.99**	पूर्व: तिकर ग्राम की सीमा
							पश्चिम: जूना घटिला ग्राम की सीमा
							उत्तर: एलआरके की सीमा

IndiaCode

							दक्षिण: तिकर ग्राम की सीमा
7	**तिकर**	हलवाद मोरबी	2108	**4378.51**	**708.34**	**3670.17**	पूर्व: मनगढ़, अजीतगढ़ और मियानी ग्राम की सीमा
							पश्चिम: नवाघंटिला और जूनाघंटिला ग्राम की सीमा
							उत्तर:: एलआरके की सीमा
							दक्षिण: ओफचद्धा ग्राम की सीमा
8	**मनगढ़**	हलवाद मोरबी	949	**1686.26**	**388.72**	**1297.54**	पूर्व: सीमा की अजीतगढ़
							पश्चिम: तिकर ग्राम की सीमा
							उत्तर: एलआरके की सीमा
							दक्षिण: अजीतगढ़ ग्राम की सीमा
9	**अजीतगढ़**	हलवाद मोरबी	802	**2143.83**	**1151.13**	**992.70**	पूर्व: खोद और किदी ग्राम की सीमा
							पश्चिम: मनगढ़ और तिकर ग्राम की सीमा
							उत्तर: एलआरके की सीमा
							दक्षिण: मियानी और मायापुर ग्राम की सीमा
10	खोद	हलवाद मोरबी	289	**855.91**	**0.00**	**855.91**	पूर्व: जोगद और किदी ग्राम की सीमा
							पश्चिम: अजीतगढ़ ग्राम की सीमा
							उत्तर:: एलआरके की सीमा
							दक्षिण: अजीतगढ़ ग्राम की सीमा
11	**जोगद**	हलवाद मोरबी	453	**1343.24**	**182.21**	**1161.03**	पूर्व: जोगद और किदी ग्राम की सीमा
							पश्चिम:सीमा की खोद ग्राम
							उत्तर: एलआरके की सीमा
							दक्षिण: किदी ग्राम की सीमा
12	**मलनियाद**	हलवाद मोरबी	960	**4084.96**	**1605.18**	**2479.78**	पूर्व: एंजर और धनाद ग्राम की सीमा
							पश्चिम: किदी और ईसांनपुर ग्राम की सीमा
							उत्तर: एलआरके की सीमा
							दक्षिण: मंगालुप और वेगदवाव ग्राम की सीमा
13	**एंजर**	हलवाद मोरबी	743	**2841.24**	**933.73**	**1907.51**	पूर्व: कुदा और कोपरनी ग्राम की सीमा
							पश्चिम: मलनियाद ग्राम की सीमा
							उत्तर: एलआरके की सीमा
							दक्षिण: धनद और रंनमालपुर ग्राम की सीमा
14	**किदी**	हलवाद मोरबी	658	**1825.96**	**445.62**	**1380.34**	पूर्व: मलनियाद ग्राम की सीमा
							पश्चिम: खोद और अजीतगढ़ ग्राम की सीमा
							उत्तर: एलआरके और जोगद ग्राम की सीमा
							दक्षिण: इंगोरदा और ईसांपुर की सीमा
		कुल		**28798.45**	**11264.67**	**17535.78**	

IndiaCode

पाटन जिला क्षेत्र का विवरण पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के रूप में घोषित किया जाना							
